हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया| डोंगरगढ़| खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा| कोलेगांव ]



HONDA
हर गाड़ी की खरीदी पर पायें बम्पर ऑफर
5000 रु. तक का कैश डिस्काउंट*
एक हेलमेट फ्री*
फुल टैंक पेट्रोल फ्री*
राकेश होंडा
एच.पी. पेट्रोल पंप के पास, मेन रोड़, डोंगरगांव,
मो. 8815055550
न्यूनतम ब्याज दर
न्यूनतम डाउन पेमेंट
ACTIVA
एक शांत क्रांति
Low ROI @ 7.99%*
IDFC FIRST Bank
HDFC BANK
7230032200
Shine 100

## खबर संक्षेप



### डांस स्पर्धा का आयोजन

**बांधाबाजार।** ग्राम जोरतराई में भाई दूज के मौके पर युवा मित्र मंडल ने रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता आयोजित किया। स्पर्धा का श्री गणेश जिला पंचायत सदस्य अरूण यादव ने पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर सरपंच केशकुंवर कुंजाम, विनित शर्मा, संदीप मेश्राम, एकलव्य साहू, विनोद मंडलोई, योगेश कोमरे, डॉ सुनील गायकवाड़, साधुराम, योगमाय साहू, रूपसिंग मंडावी, संतोष कोड़पे, अंबाबाई, उमेश मंडावी, अभय ठाकुर, इशू मंडलोई, मनीष कुंजाम, केशल कंवर, शिव निर्मलकर एवं आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### किसानों को गुमराह करने का आरोप

**लालबहादुर नगर।** मंडल भाजपा एवं किसान मोर्चा ने जिला किसान संघ के अध्यक्ष पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर ने ग्रीष्म काल में धान के अलावा मक्का, दलहन, तिलहन आदि फसलों की खेती करने पर कृषको से आर्थिक दंड लेने संबंधी खबर का खंडन करते हुए वैधानिक कार्यवाही की हिदायत दिया है जिससे सुदेश टीकम और कांग्रेस बेनकाब हो गई है। जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा कांग्रेस का एक नेता अनावारी के हिसाब से धान खरीदी का झूठा प्रचार करने के अलावा पटवारियों पर अनावारी बढ़ाकर लिखने दबाव डाला जा रहा है जबकि प्रशासन ने ऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया है। उन्होंने किसानों को आखरी क़स्ति नहीं मिलने, घटिया वर्मी कम्पोस्ट खाद आदि के खिलाफ आंदोलन नहीं करने पर सवाल उठाया है।

### नक्सल पीड़ितजनों का सम्मेलन 24 को

**डोंगरगढ़।** नक्सल हिंसा से पीड़ित परिवारों का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आगामी 24 नवंबर को कांकेर मे रखा गया है। सम्मेलन में बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बस्तर, धमतरी, कांकेर, खैरागढ़, राजनांदगाव, गरियाबंद, मानपुर, कोंडागांव, जगदलपुर जिला के पीड़ति परिवार शमिल होंगे। सम्मेलन में पीड़ित परिवारों को पुनर्वास नीति का लाभ दिलाने गृहमंत्री से मीटिंग करने पर चर्चा की जाएगी। धीरेन्द्र साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था जिस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

### सीसी रोड का भूमिपूजन



**अंबागढ़ चौकी।** बांधा बाजार में बालाजी मुख्य मार्ग पर 10 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड की स्वीकृति जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव ने जिला पंचायत निधि से दिया है। स्वीकृत सीसी रोड का गत दिनों उन्होंने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर सरपंच प्रीति चौहान, संदीप मेश्राम, आशीष ठक्कर, गुलाबचंद खंडेलवाल, रामू खंडेलवाल, उमेंद्र धुर्वे, मुरारी खंडेलवाल, पवन कुमार, संतोष चौधरी, विनीत शर्मा, एकलव्य साहू, गौरव शर्मा, नरेंद्र कुमार, भगवान दास, कीर्ति कुलदीप, नारायण कुलदीप, अनिताबाई, राजोबाई, यमेश्वरी बाई, प्यारेलाल, ऋषि कुंभकार सहित अन्य उपस्थित थे।

## सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# गौरव ग्राम में शराब दुकान खोलने शुरू हुई कवायद

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका



करीब 12 वर्ष से बंद शराब दुकान को पुनः खोलने का प्रयास पंचायत द्वारा किया जा रहा है। ग्राम में शराब दुकान खोलने की मांग को लेकर सरपंच फूलमती वर्मा ने ग्रामीणों के साथ सोमवार को जिलाधीश संजय अग्रवाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इससे पहले शनिवार को आबकारी विभाग को पंचायत प्रस्ताव की प्रतिलिपि सौंपा गया था।

इस मौके पर अधिकारियों ने कहा कि घुमका को गौरव ग्राम का दर्जा हासिल है इस जानकारी से अवगत नहीं कराया गया था इसलिए शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव मांगा गया था। आबकारी विभाग के अधिकारियों ने इस संबंध में जिलाधीश से मिलने का सुझाव दिया था।

### बिक रही अवैध शराब

ग्राम को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के कारण गौरव ग्राम का दर्जा देने के साथ यहां संचालित शराब दुकान को बंद कर दिया गया था। दुकान बंद होने के बाद से ग्राम में शराब की अवैध बिक्री चालू हो गई थी। शराब की अवैध बिक्री को देखते हुए कुछ लोग सरकारी शराब दुकान खोलने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है कि शराब के अवैध विक्रय को रोकने का प्रयास किया जाता है तो ग्राम में एक बूंद शराब बिकना संभव नहीं था।

### ग्रामसभा से महिलाएं दूर

आबकारी विभाग का पत्र मिलने के बाद गत दिनों विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया था जिसमें शराब दुकान खोलने के प्रस्ताव पर चर्चा की गई। विशेष ग्राम सभा में महिला पंचों के अलावा गांव की एक भी महिला शामिल नहीं हुई। कहा जा रहा है कि महिलाओं ने इस विशेष ग्रामसभा का मौन विरोध किया।

# 27 केंद्रों में होगी धान की खरीदी

## कलेक्टर ने लिया व्यवस्था का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने धान खरीदी की तैयारी का मुआयना करते हुए मानपुर, भर्रीटोला, खरदी, गोटाटोला कौड़ीकसा पहुंचकर व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने धान खरीदी को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। धान खरीदी में कोई गड़बड़ी न हो और पारदर्शिता से धान की खरीदी हो यह सुनिश्चित करने कहा है। उन्होंने निर्धारित 34 बिन्दुओं की चेकलिस्ट के अनुसार धान खरीदी हेतु सभी व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने निर्देशित किया है। धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। जिले में धान खरीदी की सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। जिले के 27 केंद्रों में धान की खरीदी होगी। जिले में धान खरीदी को पारदर्शी बनाने के लिए सभी खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। धान खरीदी में गड़बड़ी को रोकने नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिले में 44810 किसानों से धान की खरीदी होगी। खरीफ वर्ष अंतर्गत जिले में 67275 हेक्टेयर रकबा का पंजीयन किया गया है। धान की खरीदी बायोमेट्रिक तरीके से किया जाएगा बायोमेट्रिक काम नहीं करने की स्थिति में निर्धारित नॉमिनी के साथ-साथ ट्रस्टेड पर्सन का प्रावधान किया गया है।

### पर्याप्त बारदाना उपलब्ध

जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था की गई है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखकर बैठक, छाया, पेयजल की व्यवस्था किया गया है। सीमावर्ती जिले से धान का परिवहन को रोकने चेक पोस्ट बनाया गया है। चेक पोस्ट में तैनात कर्मचारी अन्य राज्य या अन्य जिले से आने वाले धान पर नजर रखेंगे। धान के त्वरित भुगतान के लिए सभी समितियां में माइक्रो एटीएम की व्यवस्था की गई है।

# भागवत कथा 23 जनवरी से



**छुईखदान।** नगर में अगले साल 23 जनवरी से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा का वाचन सिलयारी धाम के आचार्य पं नरेन्द्र नयन शास्त्री करेंगे। इसके पूर्व दो बार कथा का आयोजन हो चुका है। इस बार कथा का आयोजन श्री शास्त्री के शिष्य और दवा व्यापारी मुकेश वैष्णव के निज निवास के पास आगामी 23 जनवरी को प्रारंभ होगा। आयोजन की सहमति मिलने के बाद शिष्य, सेवादार एवं जय जगन्नाथ सेवा समिति के सदस्यों ने बैठक कर तैयारियां शुरू कर दी है। गत दिनों आयोजक मुकेश वैष्णव, देवराज किशोर दास, स्वप्निल वैष्णव, संजीव दुबे ने श्री शास्त्री से भेंट कर आशीर्वाद लिया।

### नहीं लेते दक्षिणा

जानकारी के अनुसार आचार्य श्री शास्त्री श्रीमद भागवत कथा आयोजन के लिए दक्षिणा नहीं लेते है। भक्तों से प्राप्त दान राशि, सोना-चांदी, कपडे, अनाज,बर्तन, गौ आदि को शहर की निर्धन कन्याओ के विवाह हेतु दान कर देते है।

# हमेशा करें गौ सेवा: बालकदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव



सूखा नाला बैराज के तट पर स्थित श्री गणेश गौशाला में संरक्षक बाल योगेश्वर रामबालकदास महात्यागी के सानिध्य में गोपाष्टमी महापर्व रविवार को सनातनी रीति रिवाज से मनाया गया।

बाबा ने आसपास के गौ भक्तों को गोपाष्टमी पर्व मनाने के कारण और महत्व से अवगत कराया। उन्होंने गौ सेवा से मिलने वाले पुण्य लाभ की जानकारी देते हुए भक्तों से गौ सेवा करने कहा। उन्होंने पाटेश्वर धाम में निर्माणाधीन भव्य कौशल्या माता धाम मंदिर के निर्माण से जुड़ने एवं सहयोग करने कहा।

गोपाष्टमी के मौके पर गौशाला में अनेक कार्यक्रम और मंडई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जयप्रकाश सिन्हा, संतोष कागदेलवार, अलखराम साहू, श्री गणेश गौशाला गनेरी के सह-संरक्षक राजीव यदु, राकेश दुबे, इंद्रकुमार गंगबेर, बल्लू राजपूत, कंवलराम कंवर, मिथिलेश मिश्रा, मनोज ठाकुर, सिद्धम चोपड़ा, रमेसू आदि मौजूद थे। अंत में आभार प्रदर्शन शशांक साहू ने किया।

हरिभूमि
पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान
पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं
समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं
खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6 & 7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का
ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### नाम जोड़ने 16- 17 को विशेष शिविर

**मेढ़ा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी पोलिंग बूथों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदाता सूची का प्रदर्शन किया जा रहा है।

सूची को देखकर वोटर यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि उनका नाम है या नहीं। किसी प्रकार की गलती होने पर सुधार के लिए फॉर्म भर सकते है। मतदान केन्द्र क्रमांक 150 एवं 151 प्राथमिक शाला उरईडबरी के अविहित अधिकारी ऋतुराज साहू, गोविंद हिरवानी, बीएलओ झमिता साहू, उमा लहरे ने बताया कि नए वोटर कार्ड के लिए भी फॉर्म भरा जा सकता है। ऋतुराज साहू ने बताया कि मतदान केंद्रों में 16 एवं 17 नवंबर को नए नाम जोडा जाएगा।

# भोरमपुर बूथ का सम्मान



**सड़क अतरिया।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव में घोषणा किया था मंडलो में सर्वाधिक मत प्रतिशत रहने पर सम्मानित किया जाएगा। सम्मान के रूप मे 25 हजार की घोषणा की गई थी। घोषणा के अनुसार छुईखदान मंडल के भोरमपुर बूथ का सम्मान गत दिनों किया गया। यह बूथ ने पूरे खैरागढ़ विधानसभा में लोकसभा और विधानसभा चुनाव श्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। 2007 के उपचुनाव में 343 भाजपा, 86 कांग्रेस, 2008 में 189 भाजपा, 11 कांग्रेस, 2013 में 180 भाजपा, 40 कांग्रेस, 2018 में 214 भाजपा, 31 कांग्रेस, 2022 के उपचुनाव में 230 भाजपा, 35 कांग्रेस, 2023 में 455 भाजपा, 105 कांग्रेस, 2023 लोकसभा चुनाव में 474 भाजपा और 57 वोट कांग्रेस को मिले थे। भोरमपुर बूथ छुईखदान मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, शक्ति केंद्र घिरघोली प्रभारी रोहित जंघेल, बूथ अध्यक्ष गोविंदराम वर्मा, बूथ पालक सूर्यकांत वैष्णव, गणेश वर्मा, हिरऊ पटेल, श्रीराम, चंद्रपाल वर्मा के प्रभाव वाला है।

# मनायी संविधान की हीरक जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



संविधान के 75 वर्ष पूर्ण होने पर हीरक जयंती कार्यक्रम आल इंडिया रेलवे एससी,एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, महिला सशक्तिकरण संघ, द बुद्धा टीचिंग फाउंडेशन के तत्वावधान में रेलवे इंस्टीट्यूट में किया गया। मुख्य अतिथि एडव्होकेट धनीराम बंजारे, विशिष्ट अतिथि अनमोल बौद्ध, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, किरण मेश्राम थी। अध्यक्षता डॉ मनोज गजभिए ने किया। संविधान के प्रस्तावना वाचन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इस मौके पर हीरालाल टेम्बुरकर, रत्नदीप, अनिल लांडगे ने संविधान गीत पेश किया। अनमोल बौद्ध ने अनुच्छेद एक की व्याख्या किया। शिक्षक अमिताभ दुफारे के मार्गदर्शन में सुजाता महिला मंडल ने प्रस्तावना का मंचन किया। बच्चों ने संविधान गीतों पर नृत्य किया। मुख्य अतिथि श्री बंजारे ने समस्याओं का समाधान संविधान के अनुच्छेदो के माध्यम से बताया। कार्यक्रम का संचालन एचके आजाद ने किया। इस दौरान मनोहर कामड़े, अजय मेश्राम, सचिन कुमार, अजय सरजारे, पदमा मेश्राम, गांधी टांडिया, अजाक्स के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे, दिनेश सुधाकर, महादेव वाल्दे, हीरालाल मौर्य, पुरूषोत्तम रामटेके, गौतम रामटेके, संजू गजभिए, अनिल सहारे, संतोष सहारे, बाबूलाल जनबंधु, मिलिंद वैद, सुनिता ऊके सहित अन्य उपस्थित थे।

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त
श्रवण परीक्षण कराएं।
9659 455 455
130+ CENTRES PAN INDIA
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292


विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर, 2024



# घर-आंगन में सजी रंगोली, तुलसी विवाह बाद जमकर आतिशबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवउठनी एकादशी पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर घर-घर में रंगोली सजाकर तुलसी चौरा की साज-सजावट कर भगवान शालिग्राम से विवाह रचाया गया एवं मंगल कामना की गई। इसके साथ ही अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी, जिसे जेठऊनी छोटी दिवाली भी कहते हैं। अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ऐसी मान्यताएं है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए सो जाते हैं एवं इसी दिन जागते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ ही अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा। देवउठनी एकादशी व्रत पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। शाम होते ही घर के आंगन को रंग-बिरंगी रंगोली से सजाया गया। वहीं तुलसी चौरा में साज-सजावट की गई। तुलसी चौरा के चारो ओर गन्ने का मंडप बनाकर पूजा सामग्री रखी गई और विधि-विधान के साथ भगवान शालिग्राम के साथ विवाह रचाया गया। इस मौके पर सपरिवार पूजा-अर्चना कर लोगों ने घर परिवार में खुशहाली एवं मांगलिक आयोजन की कामनाएं की।



## पूजा-अर्चना की, फटाखे भी फूटे

इधर पूजा-अर्चना के दौरान बच्चों एवं बड़ों ने छोटी दिवाली के रूप में पर्व को मनाते फटाके भी फोड़े। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में देर शाम तक फटाकों एवं आतिशबाजी का वातावरण निर्मित रहा। देवउठनी एकादशी पर्व के बाद अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शहर सहित ग्रामीण इलाकों में शुरू हो जाएगा, जिसे लेकर जिनके यहां मांगलिक आयोजन होना है, उन्होंने तैयारियां भी शुरू कर दी है।

## पूजा सामग्रियों की सजी दुकान, गन्ने की सर्वाधिक मांग

पर्व के चलते शहर के बाजार में जयस्तंभ चौक से लकर शहर के विभिन्न स्थानों एवं चौक-चौराहों में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोग दिनभर पूजा सामग्रियों की खरीदी करने जुटे रहे। लोगों के बीच गन्नों की मांग सर्वाधिक रही। अन्य जिलों से आकर भी व्यवसायियों ने गन्ने की दुकान सजाई थी। गन्ना 50 रुपए जोड़े से लेकर 100 रुपए जोड़ा तक में बिक्री हुई। इसके अलावा मौसमी फल की भी मांग लोगों के बीच रही। अस्थाई रूप से फटाकों की दुकानें भी सजी हुई थी, जहां से लोगों ने फटाकों की खरीदी की। दिनभर लोगों की व्यस्तता बनी रही।

## खबर संक्षेप

### समितियों का चुनाव 20 तक

**कुमरदा।** भाजपा मंडल की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में सह चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि 10 से 20 नवंबर तक बूथ का चुनाव कराना है। जिसके लिए शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। इस मौके पर चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण में बूथ अध्यक्ष तथा बूथ समितियों का चुनाव होगा। बैठक में कुमर्दा मंडल के संगठन चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई। शक्ति केंद्रों के प्रभारी, सह प्रभारी का नाम चिन्हांकित किया गया। बूथ अध्यक्षों का चुनाव 20 नवंबर के पहले करने का निर्देश दिया गया।

### गौरव दिवस 15 को

**राजनांदगांव।** जिले में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा शाम 4 बजे मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शिरकत करेंगे।
कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, श्रीमती गीता घासी साहू, विक्रांत सिंह, श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, सचिन बघेल, रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

## कल 14 नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीदी

# बोहनी के लिए 2309 किसानों को मिला टोकन, 1.16 लाख क्विंटल होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 14 नवंबर से शुरू होने जा रही सरकारी धान खरीदी को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। ऑनलाइन माध्यम से धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी कर दिया गया है। बोहनी के लिए पहले दिन जिले के 2309 किसानों को टोकन जारी किया गया है। इनसे 1.16 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से ही सहकारी समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के चलते इस बार धान खरीदी की विशेष तैयारियां नहीं हो सकी है। फड़ की सफाई से लेकर बारदाना की व्यवस्था जैसी प्रक्रिया अधर में अटकी हुई है। खरीदी शुरू होने के दो दिन पहले मंगलवार को हड़ताल खत्म हो गई है। हालांकि प्रशासन अपनी क्षमता अनुसार तैयारियों को पूरा करने में जुटा हुआ है। यही कारण है कि सोसायटियों में ताला लटका होने के बाद भी पहले दिन की बिक्री के लिए करीबन ढाई हजार किसानों को टोकन जारी कर दिया गया है।

### खास बातें

- किसानों को मिलेगा प्रति क्विंटल 3100 का भुगतान
- आज सभी उपार्जन केंद्रो में होगी खरीदी की तैयारी
- प्रति एकड़ खरीदा जाएगा 21 क्विंटल



### 31 जनवरी तक चलेगी खरीदी

कल 14 नवंबर से शुरू होने वाली सरकारी धान खरीदी अगले 79 दिनों तक जारी रहेगी। धान खरीदी का समापन 31 जनवरी को होगा। किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ही भुगतान किया जाएगा। इस साल केंद्र सरकार ने भी समर्थन मूल्य में 117 रुपए की वृद्धि कर दी है।

### समिति प्रबंधकों की हड़ताल खत्म

पिछले चार नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सहकारी समिति कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों के पूरा होने के बाद कल से वे काम पर वापस लौट रहे हैं। सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और अशोक बजाज की उपस्थिति में बुधवार को राजधानी में एक बैठक आहूत हुई। जिसमें खाद्य सचिव का लिखित आदेश मिलने के बाद आंदोलन को समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि सेवा नियम में वेतन वृद्धि, दूसरा मांग में प्रबंधकीय अनुदान के लिए अंतर विभाग की कमेटी का गठन किया गया। 28 फरवरी के बाद शेष धान में सूखत का प्रावधान का लिखित आदेश मिल गया है।

### किसानों की संख्या बढ़ी

जिले में सरकारी कीमत पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या इस बार भी बढ़ी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस बार कुल 132468 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। यह संख्या पिछले बार से करीबन 10 हजार अधिक है। किसानों से 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में करीबन 1.95 लाख बारदाना की जरूरत धान खरीदी के लिए पड़ेगी। इनमें से लगभग 70 फीसदी बारदाना केंद्रों में पहुंचने की बात कही जा रही है।

# बीड़ी मांगने के विवाद पर चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहारा आक्सीजोन में बीड़ी मांगने की बात पर यहां घूमने गए युवकों से आरोपियों ने मारपीट कर चाकूबाजी की। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शिवकुमार ढीमर 20 साल निवासी चौखड़ियापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 नवंबर को 3 बजे शिवकुमार ढीमर अपने दोस्तों प्रताप ढीमर, नरसिंग ढीमर, छोटू ढीमर, नरेंद्र यादव के साथ आक्सीजोन में घूमने गए थे। वे आक्सीजोन के एक किनारे पर सभी दोस्त शाम को साढे 5 बजे खड़े थे, तभी ऑक्सीजोन के अंदर से 8-10 लड़के अपने-अपने मोटर साइकिल से आए।

विक्की यादव ने नरसिंग ढीमर से बीड़ी-सिगरेट मांगने लगा तो नरसिंग ढीमर ने बोला कि मेरे पास बीड़ी - सिगरेट नहीं है, बोलने पर विक्की यादव व उनके 3-4 साथी के साथ मिलकर गाली-गुप्तार करते अपने पास रखे हुए चाकूनुमा औजार से नरसिंग ढीमर के बांये कमर पर चोंट पहुंचाया। उसे देखकर शिवकुमार ढीमर छुड़ाने गया तो आरोपियों ने चाकुनुमा औजार से शिवकुमार ढीमर के बांये पैर के जांघ तथा कमर के उपर और हाथ में चोंट पहुंचाया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर फरार आरोपियों की पता तलाश सरगर्मी से किया गया। पुलिस टीम ने शुभम सौदागर 19 वर्ष निवासी मोतीपुर, विक्की नेवारे 20 वर्ष निवासी गौरीनगर, रोहित देवांगन 20 वर्ष निवासी शंकरपुर, हिरेन्द्र यादव 22 वर्ष निवासी शंकरपुर, चेतन कश्यप 19 वर्ष निवासी रामनगर को त्वरित कार्रवाई करते पुलिस हिरासत में लेकर मेमोरंडम कथन एवं पूछताछ किया जाने पर अपना अपराध स्वीकार करते बीड़ी-सिगरेट नहीं देने की बात पर प्राणघातक हमला करना बताया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक एवं चाकू जब्त किया गया है। आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। एक नाबालिग आरोपी जो घटना में सम्मिलित था, को सादी वर्दी में अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपीगणों के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया, जिसे पारूप नियम धारा 8(1) 8(5) के तहत नाबालिग के विरूद्ध फार्म भरा गया।

## माय एंगल




# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव।** मोपेड में सवार पीड़िता से बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 अक्टूबर को प्रार्थिया शाम के समय अपने गांव से पड़ोस के गांव अपनी मोपेड में अकेली जा रही थी। इस दौरान बाइक चालक देवनाथ पारधी द्वारा पीड़िता को अकेली पाकर चलती गाड़ी में गलत नियत से हाथ पकड़ लिया। पीड़िता द्वारा हाथ छुड़ाने पर भी छेड़खानी करने लगा, जिस पर पीड़िता द्वारा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ में लिखित आवेदन करने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 74, 75(2), 78, 351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

इस मामले में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्रवाई करते आरोपी का पता तलाश कर आरोपी देवनाथ पारधी 23 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 11 नवंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## सभी कर्मचारियों को जारी होगा कारण बताओ नोटिस

# आकस्मिक अवकाश लेकर शिक्षा विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा कर्मी विदेश प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा विभाग के करीब आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों के एक साथ आकस्मिक अवकाश लेकर विदेश प्रवास पर जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की शिकायतें सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने इन कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।



मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारी पिछले तीन दिनों से आकस्मिक अवकाश लेकर विदेश की यात्रा कर रहे हैं। एक साथ थोक में कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश लेने से शिक्षा विभाग का कामकाज प्रभावित हो गया है। इस बीच अवकाश लेने वाले कर्मचारियों ने जब सोशल मीडिया में नेपाल की फोटो अपलोड की तो यहां बवाल मच गया है। बताया जाता है कि कुछ संगठनों ने इस आशय की शिकायत डीईओ से की है। जानकार सूत्रों की माने तो इन कर्मचारियों को किसी भी दूसरे देश जाने के लिए शिक्षा विभाग के नियोक्ता अधिकारी से विधिवत अनुमति लेना था, लेकिन कर्मचारियों ने बिना किसी अनुमति के ही नेपाल के सैर के लिए निकल गए हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ प्रवास बघेल ने कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। डीईओ श्री बघेल का कहना है कि कर्मचारियों द्वारा अनुशासनहीनता की गई है और उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है।

### आकस्मिक अवकाश क्या है

अचानक कोई परिस्थिति उत्पन्न होने पर शासकीय कर्मचारी आधे दिन या दो चार दिन के लिए आकस्मिक अवकाश ले सकता है, लेकिन इस दौरान उसे अपने मुख्यालय में ही रखना अनिवार्य है, यदि मुख्यालय छोड़ना पड़ रहा है तो इसकी लिखित अनुमति कार्यालय प्रमुख से लेना अनिवार्य है।

# वाहन की ठोकर से साइकिल सवार की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़ रोड में ग्राम बोरी के पास बीती रात साइकिल सवार अधेड़ को चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना में अन्य साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना की खबर के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर मुआवजा व स्पीड ब्रेकर इत्यादी की मांग करते चक्काजाम कर दिया था। मौके पर अधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरी के पास बीती रात लगभग साढे आठ बजे दो अलग-अलग साइकिल सवारों को एक चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे ग्राम बोरी निवासी वेदराम देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा साइकिल सवार घायल हो गया। इस दुर्घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली, ग्रामीण सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश व्यक्त करने लगे। जिससे खैरागढ़ रोड़ में चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई।

### ग्राम बोरी के पास बीती रात की घटना



### वाहनों की लगी कतार

बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा मौके पर मांग की जा रही थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा मिले एवं उक्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाईट लगाया जाए। चक्काजाम की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी, तब कहीं चक्काजाम सामान्य हो पाया। लगभग आधा घंटा चक्काजाम के दौरान खैरागढ़ रोड में दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थी। इधर उक्त मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

## कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगेगा मोहारा मेला

# मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट में मेले की तैयारी शुरू, झूले सजे, लग गई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में लगने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। दूर-दराज से यहां पहुंचकर व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजानी प्रारंभ कर दी है। मेले को लेकर शहर सहित ग्रामीणजनों में उत्साह का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर शिवनाथ नदी तट पर भव्य रूप से मेले का आयोजन किया जाता है, जहां छोटी-बड़ी दुकानों से लेकर छोटे-बड़े झूले लगाए जाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रहती है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व है। इससे पूर्व ही शिवनाथ नदी तट मोहारा मेला परिसर में कई किस्म के छोटे-बड़े दुकानें सजनी शुरू हो चुकी है।

व्यवसायियों ने बताया कि वे प्रतिवर्ष यहां झूले लगाते आ रहे हैं। मेला स्थल में पारंपरिक झूला रेहचुली से लेकर आधुनिक झूलों को लगाए जाने हेतु व्यवसायी जुटे हुए हैं।

### स्नान करने आएंगे लोग

कार्तिक पूर्णिमा पर्व के तहत बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग कार्तिक स्नान करने के लिए भी मोहारा शिवनाथ नदी तट पहुंचते हैं। कई सपरिवार यहां पहुंचकर स्नान कर दान-पुण्य के साथ ही मेले का आनंद उठाने जुटे रहते हैं। मोहारा मेला को लेकर लोगों में उत्सुकता का माहौल है। मेला में इस वर्ष बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। हालांकि इन दिनों मेला स्थल पर मेले की तैयारियां जारी है।

### तीन दिन का मेला

आगामी दिनों में अन्य व्यवसायियों द्वारा भी अपनी-अपनी दुकानें सजाने की तैयारियां शुरू कर दिए जाने की संभावना है। जिले में मोहारा मेला को लेकर सभी वर्ग के लोगों को इंतजार बना रहता है। तीन दिवसीय चलने वाले इस मेले में जिले से लेकर अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनती है। तीन दिनों तक मोहारा मेला तट में चहल-पहल का वातावरण निर्मित रहता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रात: 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

## सार समाचार



### विद्यार्थियों ने किया फायर स्टेशन का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ के कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने पुराना ढाबा चिखली में स्थित ''फायर स्टेशन'' का अवलोकन किया। जिसमें शाला के शिक्षकों के साथ लगभग 100 बच्चों का दल इस फायर स्टेशन को देखने पहुंचा। फायर स्टेशन के प्रमुख अधिकारी अरूण कुमार सिंग एवं उनकी टीम द्वारा बच्चों को फायर स्टेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को बताया गया कि आग लगने पर आग पर नियंत्रण करने हेतु अग्नि शमन यंत्र कैसे कार्य करता है? अग्नि में घायल व्यक्ति को कैसे सहायता पहुंचाई जाती है, आग से बचने हम कैसी सुरक्षा अपना सकते हैं, बड़े स्तर पर अग्निशमन दल कैसे कार्य करता हैं और हम कैसे पीड़ितों की मदद कर सकते हैं? उक्त आयोजन के लिए बृजकिशोर सुरजन, संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, गगन लड्ढा, निकुंज सिंघल, सूर्यकान्त चितलांग्या, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, शैलजा नायर, रश्मि ठाकुर, अनिल वाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव की मासिक बैठक एवं दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। बैठक में वारंट ऑफिसर अशोक कुमार झा ने सभी को दीपावली की बधाई देते परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद राजनांदगांव के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### स्थापना दिवस पर रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन

**राजनांदगांव।** भारत स्काउट गाइड की 75वीं स्थापना दिवस पर 7 नवंबर को डोंगरगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारागांवखुर्द में रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्काउट गाइड द्वारा सशक्त युवा विकसित भारत थीम के तहत रैली निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया और स्काउट गाइड सेवा संस्था के उद्देश्य तहत बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति, चारित्रिक विकास, बौद्धिक विकास, आध्यामिक विकास एवं सर्वांगीण विकास कर सेवा भाईचारा के संबंध में जानकारी दी गई। यह संस्था ईश्वर के प्रति कर्तव्य, दूसरे के प्रति कर्तव्य एवं स्वयं के प्रति कर्तव्यों के सिद्धांतों पर आधारित है। रैली भ्रमण के बाद संगोष्ठी आयोजित कर फ्लैग स्टीकर भेंट कर सहयोग राशि प्राप्त की गई। कार्यक्रम में स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर ने सहभागिता की। इस अवसर पर विष्णुप्रसाद साव, राकेश भावते, दविंदर सिंह भाटिया, लेखराम वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा, डॉ. मिलन टेम्भूलकर, अरविंद सहारे, विजय टेम्बुरकर, चंद्रशेखर सहारे, ओमप्रकाश टेम्भुलकर, विजय सरजारे, इंद्रा साखरे, देवेंद्र अम्बाड़े, प्राचार्य लेखराम वर्मा, मयूख श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ आज

**राजनांदगांव।** खाटू वाले श्याम प्रभु का जन्मोत्सव कार्तिक शुक्ल एकादशी 12 नवंबर को भारतवर्ष में श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। श्री श्याम महिला मंडल की स्थानीय इकाई द्वारा फागुन शुक्ल द्वादशी को श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का भव्य आयोजन अनेक वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। कल 13 नवंबर को श्री अग्रसेन भवन में भव्य महोत्सव की व्यापक तैयारियां की गई है। श्री श्याम महिला मंडल की रंजना श्रीकिशन शर्मा, वीणा ईश्वर अग्रवाल, शोभा कमलनारायण अग्रवाल एवं बिंदु सुरेंद्र मित्तल के अनुसार कार्तिक शुक्ल द्वादशी 13 नवंबर को दोपहर 2 बजे से श्री अग्रसेन भवन में संगीतमय श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का कार्यक्रम आयोजित है। संबलपुर उड़ीसा की श्याम दीवानी श्रीमती अनुराधा पुरी एवं श्याम सेवक राजीव पुरी की जोड़ी द्वारा अपनी मधुर वाणी से श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ का वाचन कर अमृत वर्षा की जाएगी। इस दौरान श्री अग्रसेन भवन को श्याम धाम के रूप में सजाया संवारा गया है। श्याम प्रभु के अलौकिक दरबार का दर्शन श्रद्धालु भक्त करेंगे, छप्पन भोग लगाया जाएगा एवं अखंड ज्योत प्रचलित की जाएगी। जिसमें प्रत्येक भक्त को आहुति प्रदान करने का अवसर प्राप्त होगा।

### पेंशनरों की मासिक बैठक 14 को

**राजनांदगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील शाखा डोंगरगांव की मासिक बैठक माह के दूसरे गुरुवार 14 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से पेंशनर्स एसोसिएशन भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। ज्योतिषराम यादव अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील डोंगरगांव, नामदेव साहू कार्यकारी अध्यक्ष, वायके गहरवार प्रवक्ता, हीरालाल ढोमने प्रवक्ता, तोरणलाल साहू सचिव, केशवराम साहू वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनबोधीराम माली कोषाध्यक्ष, जीआर अहीर उपाध्यक्ष, नंदकुमार श्रीवास्तव संगठन सचिव, कृष्णालाल साहू संगठन सचिव, शोभितराम साहू संगठन सचिव, नंदलाल साहू कार्यकारिणी सदस्य ने सम्मानित पेंशनर्स साथियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने में सहयोग प्रदान करने अपील की है।

## एजुकेशन साइट

### नए सत्र में प्रवेश के लिए पालकों में उत्साह

**राजनांदगांव।** रॉयल किड्स कान्वेंट में नए सत्र के लिए प्रबंधन द्वारा नए प्रवेश पर विशेष छूट दी जा रही है। नए प्रवेश के लिए इच्छुक पालकगण सत्र भर का सिर्फ 50 प्रतिशत शुल्क देकर ही नया प्रवेश ले सकते हैं। इस योजना में पालकों का उत्साह देखते ही बन रहा है एवं लगभग 75 प्रवेश हो चुके हैं। संस्था के डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य न्यूनतम शुल्क पर शहर के बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना है। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक युग के अनुसार नवीनीकृत किया है एवं संस्थान के बच्चों का देश-विदेश में, मल्टीनेशनल कंपनी में, खेल में, पढ़ाई में, सभी क्षेत्रों में अच्छा नाम हो रहा है। किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता इन्हीं सब बातों से निर्धारित की जाती है और हमारे एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल के नेतृत्व में संस्थान एवं हमारे शिक्षक अपना श्रेष्ठतम प्रदान कर रहे हैं। ज्ञात हो कि संस्था के पुराने छात्र-छात्राएं भी अगले सत्र की संपूर्ण शुल्क को अदा कर 40 प्रतिशत तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। इन सभी योजनाओं का संस्थान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। संस्था अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आईके वैष्णव ने शुभकामनाएं दी।

## निधन

### श्रीमती शोभा शर्मा



**राजनांदगांव।** अटल मंच के संरक्षक प्रेमचंद शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती शोभा शर्मा का मंगलवार को दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थी। उनकी अंतिम यात्रा कल 13 नवंबर को सुबह 9 बजे उनके ओसवाल लाइन स्थित निवास स्थान से लखोली मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। श्रीमती शर्मा प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष बसंत शर्मा और एनबी प्रिंटर्स के संचालक अशीष शर्मा की माताजी थी। हरिभूमि के प्रसार प्रभारी गौतम शर्मा की बड़ी बहन थी।

---

### कलेक्टर ने धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की ली बैठक

# अवैध धान की बिक्री करने पर कोचियों और बिचौलियों के खिलाफ होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2024-25 में धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों की बैठक सह-प्रशिक्षण संपन्न हुई। कलेक्टर अग्रवाल ने सभी नोडल अधिकारियों को धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक तैयारी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर एकड़ प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान की खरीदी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के वास्तविक उपज की खरीदी करना है। धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं होनी चाहिए और किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए।

उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आद्र्रतामापी यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने नोडल अधिकारियों से कहा कि धान खरीदी के पहले दिन सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने धान उपार्जन केन्द्रों में समय पर उपस्थित रहेंगे। सभी को यह जानकारी होना चाहिए कि प्रतिदिन कितने टोकन कट रहे हैं। जिससे कितने धान की खरीदी अगले दिन होगी, इसका अनुमान रहेगा। इसके साथ ही इस बात की भी जानकारी रखें कि राईस मिलर्स का डीओ कितना कट रहा है, ताकि धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव भी जारी रहे। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की परेशानी नहीं चाहिए। धान खरीदी के दौरान धान उपार्जन केन्द्रों में सुविधाओं का ध्यान रखने के साथ ही समय पर उनके खाते में समय पर राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए।

### अनावरी रिपोर्ट के आधार पर खरीदी

उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में औसत अनावरी रिपोर्ट के आधार पर ही वास्तविक उपज की जानकारी रखें तथा लगातार धान उपार्जन केन्द्र का लगातार निरीक्षण करते रहें। उन्होंने कहा कि किसानों को अच्छी सुविधाएं मिलनी चाहिए। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों से ऑफलाइन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाइल एप से ऑनलाइन टोकन देने कहा। टोकन जारी करने में पहले लघु एवं सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाए। उसके बाद बड़े कृषकों को टोकन जारी किया जाए।

### हर दिन होगा भौतिक सत्यापन

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि सावधानी एवं सजगता के साथ भौतिक सत्यापन के लिए बारदानों की गणना करें तथा साक्ष्य के रूप में वीडियो बनाकर भी रखें। उन्होंने कहा कि भौतिक सत्यापन के लिए पहले ही दिन से गणना का कार्य करते जाएं, ताकि प्रतिदिन के लिए कार्य करने में परेशानी नहीं होगी। उन्होंने हमालों की संख्या, धान का परिवहन, स्टैकिंग व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### अवैध धान पर रहेगी नजर

कलेक्टर ने अवैध धान की बिक्री करते पाए जाने पर संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोचिया जैसे लोग पात्र किसानों के किसान किताब का दुरूपयोग करते अवैध धान की बिक्री करने के प्रयास करते हैं तथा सिस्टम को प्रभावित करते हैं। ऐसे कोचिया एवं बिचौलियों पर शिकंजा कसने के लिए सर्तक रहते कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है।

### किसानों को जारी होगा टोकन

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि धान खरीदी केन्द्रों में नियंत्रित एवं व्यवस्थित रूप से उपार्जन हेतु किसानों को टोकन जारी कर धान क्रय किया जाएगा। उपार्जन केन्द्रों में भंडारण क्षमता के आधार पर मोटा, पतला एवं सरना धान के लिए नया एवं पुराना बारदाना का अलग-अलग स्टेक धान का भंडारण करें।

---

## सर्वश्रेष्ठ प्रतिमा में विनायक मंडल और झांकी में उमंग गणेश उत्सव समिति अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- नगर निगम गणेश पर्व प्रतियोगिता, परिणाम घोषित

नगर निगम द्वारा गणेश उत्सव पर्व पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झांकी प्रतियोगिता अ एवं ब वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त समितियों के परिणामों की घोषणा की गई।

गणेश पर्व प्रतियोगिता के परिणामों के संबंध में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2024 में नगर निगम द्वारा आयोजित गणेश पर्व प्रतियोगिता के तहत सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा एवं विसर्जन झांकी का चयन निर्णायकों द्वारा किया गया।

उन्होंने बताया कि गणेश प्रतियोगिता वर्ष 2024 के सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतियोगिता में प्रथम विनायक मंडल गणेश उत्सव समिति कामठी लाइन, द्वितीय श्री पाटीदार गणेश उत्सव समिति जीई रोड व तृतीय लालबाग गणेश उत्सव समिति दुर्गा मंदिर परिसर लालबाग को प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार विसर्जन झांकी के अ वर्ग में प्रथम उमंग गणेश उत्सव समिति हमालपारा, द्वितीय सुमति मंडल कामठी लाइन एवं तृतीय बस स्टैंड गणेश उत्सव समिति पुराना बस स्टैंड को स्थान प्राप्त हुआ है।

इसी प्रकार ब वर्ग में प्रथम गंज गणेश उत्सव समिति भारत माता चौक, द्वितीय आजाद गणेश उत्सव समिति आजाद चौक एवं तृतीय तिरंगा मंडल अशोक स्तंभ कमल टाकीज चौक ने प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है।

---

# प्रेस क्लब कालोनी के निर्माण का आयुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी के फेस-टू में मूलभूत सुविधाओं के तहत सीमेंट रोड, आरसीसी नाली निर्माण एवं बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का आज नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सचिन अग्रहरि एवं प्रेस क्लब हाउसिंग सोसायटी कालोनी के अध्यक्ष मिथलेश देवांगन के साथ निरीक्षण कर कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मांग पर शासन द्वारा राजनांदगांव के पत्रकारों के लिए बसंतपुर डोंगरगांव रोड में आवासीय भूमि का आबंटन किया था, जहां आबंटित पत्रकारों द्वारा आवास का निर्माण किया जाएगा। पत्रकार कालोनी में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी एवं रोड नाली निर्माण के लिए शासन से पूर्व में प्रदत्त राशि से नगर निगम द्वारा सीमेंट कांक्रिटिंग रोड व नाली निर्माण किया गया तथा विद्युत मंडल के माध्यम से विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर व विद्युत तार लगाया गया और अब फेस-टू के लिए प्रदत्त राशि से बाउंड्रीवाल निर्माण, पीसीसी रोड व आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाना है। जिसके लिए आयुक्त विश्वकर्मा प्रेस क्लब के पदाधिकारियों तथा तकनीकी अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर निर्माण कार्य के संबंध में चर्चा की।



### गुणवत्ता का रखे ध्यानः आयुक्त

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि बाउंड्रीवाल एवं नाली के कार्य तत्काल प्रारंभ करें और पीसीसी रोड निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें। उन्होंने ठेकेदार से कहा कि गैंग बढ़ाकर दोनों कार्य कराएं। जिससे कार्य में रूकावट न हो और प्रेस क्लब के पदाधिकारियों की मंशानुरूप निर्माण पूर्ण हो। उन्होंने फेस-वन के शेष कार्य रोड निर्माण एवं पाईप लाइन विस्तार कार्य भी शीघ्र कराने कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके से कहा। कार्य नहीं करने पर ठेकेदार को नोटिस जारी करने निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्र. सहायक अभियंता गरिमा वर्मा, उपअभियंता आयुषी सिंह सहित निगम का अमला उपस्थित था।

### फेस टू का निर्माण काम शुरू

प्रेस क्लब फेस-टू में निर्माण कार्य के संबंध में कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा ने जानकारी दी कि पीसीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ है और बाउंड्रीवाल व आरसीसी नाली के लिए ले-आउट दिया जा रहा है।

---

# श्रीगुरुनानक जयंती पर नगर कीर्तन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सिख धर्म के संस्थापक प्रथम गुरु तथा मानवीय एकता के महान संदेश वाहक श्री गुरुनानक देवजी का 555वां आगमन पर्व सम्पूर्ण सिख जगत द्वारा शुक्रवार 15 नवंबर को अपार खुशी हर्षोल्लास एवं सत्कार के साथ प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। राजनांदगांव गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा भी समूह सिख संगत भाइयों-बहनों के सहयोग से प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विगत कई दिनों से परंपरागत आयोजन लगातार जारी है।

गत 2 माह से श्रीगुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ तथा 11 दिनों से रोजाना प्रातः5 बजे से प्रभात फेरियों की श्रृंखला अनवरत जारी है। इसी तारतम्य में बुधवार 13 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब से दोपहर बाद 3 बजे श्री गुरुग्रथ साहिब की भव्य शोभायात्रा तथा विशाल नगर कीर्तन का आयोजन किया गया है। पंज प्यारों की अगुवाई में अरदास उपरांत शोभायात्रा गुरूघर से आरंभ होगी। भाइयों-बहनों के कीर्तनी जत्थे कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा आयोजन को सार्थकता प्रदान करेंगे।

शोभायात्रा के लिए इस प्रकाश पर्व पर विशाल वाहन को सफेद रंग के आकर्षक गुरुद्वारे के रूप में तथा अति आकर्षक लाइटों एवं विद्युत झालरों द्वारा सुसज्जित किया गया है। पुष्प वर्षा करती तोप गाडी , 5 घोड़ों पर सुसज्जित छोटे बच्चे तथा शबद कीर्तन करते कीर्तनी जत्थे नगर कीर्तन की शोभा बढ़ाएंगे।

नगर कीर्तन गुरुद्वारा साहिब से मानव मन्दिर चौक, सिनेमा लाइन, गंज लाइन, पुराना बस स्टैंड, जीई रोड, भगत सिंह चौक से गुरुनानक चौक होते रात 7 बजे वापस गुरुद्वारा पहुंचेगा, जहां 1 घंटे के हजूरी रागी जत्थे भाई दलजीत सिंह का शबद कीर्तन आयोजित है। तत्पश्चात अरदास, सुखासन तथा गुरु का लंगर वितरित होगा।

प्रकाश पर्व हेतु गुरूद्वारा साहिब को विद्युत झालरों से सुसज्जित तथा पूरे रास्ते को विशेष रूप से गेट आदि से सजाया गया है। आगमन पर्व हेतु दरबार साहिब अमृतसर के रागी जत्थे भाई भूपिंदर सिंह को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है, जो 14 तथा 15 नवंबर को सुबह तथा रात के दीवान में भक्तिमय शबद कीर्तन द्वारा संगत को भाव विभोर करेंगे। इसके साथ ही हजूरी रागी जत्था भाई दलजीत सिंह भी लगातार 13 से 15 नवंबर तक दोनों दीवान में शबद कीर्तन द्वारा संगत को भक्ति भावना से जोड़कर प्रेरित करेंगे।

मुख्य आयोजन शुक्रवार को गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष स. सुरजीत सिंह भाटिया तथा सचिव स.यशपाल सिंह भाटिया ने समूह सिख संगत भाइयों-बहनों को नगर कीर्तन तथा आगमन पर्व आयोजनों में उपस्थिति की अपील की।

महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस
राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।
ग्राहक लाने पर 10% कमीशन
पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।
पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)
9301443163, 7987993140

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री चूरनदास साहू पिता श्री खोरबहरा साहू निवासी मुढ़ीपार, तहसील खैरागढ़ जिला केसीजी जिनका वास्तविक नाम चूरनदास साहू सभी शैक्षणिक दस्तावेजों, आधार कार्ड, बैंक खातों, ऋण पुस्तिका, पैन कार्ड व मतदाता परिचय पत्र मे अंकित है जो कि पूर्णतः सत्य व सही है। मेरे पक्षकार चूरनदास साहू को सामान्य तौर पर सभी लोग विप्लव साहू के नाम से जानते पहचानते है और ज्यादातर इसी नाम का प्रयोग करते है। वर्ष 2020 के जिला पंचायत चुनाव में भी मेरे पक्षकार चूरनदास साहू ने विप्लव साहू के नाम से नामांकन किया और रिटर्निंग आफिसर जिला पंचायत राजनांदगाँव द्वारा निर्वाचन का प्रमाणपत्र भी इसी नाम से जारी किया गया है। अतः मेरे पक्षकार को भविष्य में समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में चूरनदास साहू की जगह जनसामान्य में चर्चित नाम विप्लव साहू के नाम से ही जाना व पहचाना जाए और पूर्व के सारे दस्तावेजों में विप्लव साहू नाम अंकित किया जाए।

सूचना जाने
दिनांक 11/11/2024

**घम्मन साहू**
अधिवक्ता, गायत्री नगर खैरागढ़
मो. नं. 9406115950

---

### श्रीमद् देवी भागवत 2 दिसंबर से



**राजनांदगांव।** डुमरडीहकला में सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर एवं ग्रामवासियों द्वारा 2 से 10 दिसंबर तक 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत व विशाल चंडी यज्ञ का आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक आर्चाय पं. रामानुज युवराज पांडेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के श्रीमुख से संपन्न होगा। सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# आयुर्वेद दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक राजनांदगांव परिसर में आयोजित धन्वंतरि जयंती एवं नवम् आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्टर ने सभी को धनतेरस एवं दीपावली पर्व की बधाई दी।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारत का प्राचीन चिकित्सा विज्ञान होने के साथ ही विश्व की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति में से एक है। कलेक्टर ने अधिक से अधिक नागरिकों को आयुर्वेद पद्धति से चिकित्सा कराने प्रेरित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वर्चुअल माध्यम से किए जा रहे 100 बिस्तर अस्पताल एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केन्द्र रायपुर के शिलान्यास कार्यक्रम का प्रोजेक्टर के माध्यम से सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. शिल्पा पांडेय, प्रभारी शासकीय आयुष पॉलीक्लीनिक डॉ. हर्षा बरैया, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना, सेवानिवृत्त प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. रमाकांत शर्मा, डॉ. निलेश जैन, डॉ. प्रीति बोरकर, डॉ. रिजवान उद्दीन, डॉ. अनमोल गुप्ता सहित अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।










हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर, 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




## खबर संक्षेप



### ग्रामीण किसान गन्ना फसल की कटाई-छटाई कार्य में जूटे

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले में एक नहीं दो शक्कर कारखाना संचालित होने से शहर व ग्रामीण किसानों को भारी आर्थिक लाभ व स्थिति में सुधार हो रही है। साथ ही साथ ग्रामीण क्षेत्रों में गुड़ फैक्ट्री मालिकों द्वारा गुड़ फैक्ट्री निर्माण का कार्य और साफ-सफाई करने में जुटे हुए है। मिली जानकारी के अनुसार एक तरफ कारखाना खोलने से गन्ना कृषक को लाभ मिल रहा है, वहीं दूसरी तरफ गांव-गांव गुड़ फैक्ट्री का नवनिर्माण होने से ग्रामीण किसानों को नगद में फसलों को बेचने से लाभ मिल रहा है, जिससे ग्रामीण किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार हुई है। वहीं गुड़ फैक्ट्री व कारखाना में गन्ना पेराई का कार्य शुरू होने से ग्रामीण किसान द्वारा गन्ना फसल की कटाई झटाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है।

### जल उत्सव आंकाक्षी बोड़ला में शिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर जिले के आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला में जल उत्सव अभियान के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों को जल गुणवत्ता परीक्षण की विधियां सिखाई गईं। इस पहल का उद्देश्य यह था कि शिक्षक जल गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने विद्यालय के छात्र छात्राओं को भी इन प्रक्रियाओं में निपुण बना सकें ताकि जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति नई पीढ़ी को जागरूक किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन आंकाक्षी विकासखंड बोड़ला में स्थित जल परीक्षण प्रयोगशाला में किया गया, जहां ग्राम पंचायत बहनाखोदरा, चिल्फी, बैरख, आंशिक विकासखंड बोड़ला, नेऊरगांव कला, पोड़ी, खड़ौदा खुर्द, राम्हेपुर कला, खरहट्टा, खण्डसरा, मड़मड़ा, सिंधारी, तरेगांव जंगल, लरबक्की, दलदली व घोंघा एवं राजानवागांव हाई स्कूल के विज्ञान शिक्षकों को आमंत्रित किया गया। इन स्कूलों से प्रत्येक विद्यालय से 1.2 शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। शिक्षकों को फील्ड टेस्टिंग किट का उपयोग करके जल गुणवत्ता परीक्षण के बारे में प्रशिक्षित किया गया। उन्हें बताया गया कि फील्ड टेस्टिंग किट का सही उपयोग कैसे किया जाए ताकि जल स्रोतों के पानी की शुद्धता को समय समय पर जांचा जा सके। जल के विभिन्न गुणों जैसे पीएच स्तर, क्षारीयता, कठोरता आदि का परीक्षण किस प्रकार से किया जाए इसका अभ्यास भी शिक्षकों को कराया गया। इस ज्ञान का उपयोग वे अपने विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच जल परीक्षण की जागरूकता बढ़ाने के लिए करेंगे ताकि छात्र छात्राएं अपने आसपास के जल स्रोतों की गुणवत्ता की जानकारी रख सकें।

### सारंगपुर कला में विद्यार्थियों को दिए अधिकार व संरक्षण की जानकारी

# बाल-विवाह कराने पर होगी बड़ी कार्रवाई, एक लाख तक का जुर्माना

- बाल विवाह मुक्त कबीरधाम बनाने लिया संकल्प।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में बाल विवाह मुक्त बनाने संकल्प लिया, वहीं बालिका की 18 वर्ष व बालक का 21 वर्ष से कम उम्र में बाल-विवाह कराने पर होगी कार्यवाही व एक लाख तक की जुर्माना। जिस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन और आनंद तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं सीएल भूआर्य महिला एवं बाल विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारंगपुर कला में विद्यार्थियों को बाल विवाह के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान बाल संरक्षण के टीम द्वारा बाल विवाह विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। उक्त बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ विधान प्रभावी रोकथाम के लिए जिले में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार ऐसा विवाह जिसमें वर (जिसकी आयु 21 वर्ष से कम) तथा वधू (जिसकी आयु 18 वर्ष से कम) अवयस्क या बच्चे हो तब उसे बाल विवाह माना जाएगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है जिससे कि सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग कारण हो सकते हैं, जिन्हें विमर्श से लेकर कारणों को पूर्णतः समाप्त कर एक सकारात्मक वातावरण तैयार किया जाना आवश्यक है। साथ ही साथ बाल विवाह बच्चों की अधिकारों और उसके विकास को प्रभावित करता है यह विकास को बाधित करने वाली गंभीर समस्या है जिसके पूर्ण रोकथाम हेतु सामाजिक, कानून और आर्थिक स्तर पर लोगों को जागरूक करना एवं कुप्रथा से होने वाले दुष्परिणामों को जन्म-जन्म को समझाना महत्वपूर्ण है ताकि इस प्रभावी तरीके से रोका जा सके और बच्चों को सर्वांगीण विकास कर उन्हें पूर्णत सुरक्षित रखा जा सके।

**बाल विवाह करने तथा करवाने वाले के ऊपर होगी कार्यवाही**



मिली जानकारी के अनुसार 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष यदि 18 वर्ष से कम आयु किसी महिला से विवाह करता है तो उसे दो वर्ष तक की कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो की एक लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है करता है अथवा सहायता करता है उसे 2 वर्ष तक कारावास अथवा जुर्माना क्योंकि एक लाख रुपए तक हो सकता है अथवा दोनों हो सकते है, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के अनुसार विवाह के लिए बालिका 18 व बालक 21 वर्ष का होना आवश्यक है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम के द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र व गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है।

# बरबसपुर में देवउठनी एकादशी पर्व धूमधाम से मना



- गौरा गौरी स्थापित कर निकाली गई शिव की बारात, ग्रामीण हुए शामिल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी, दौजरी व जेवड़न खुर्द में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ देवउठनी एकादशी पर्व मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा गौरा गौरी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई वहीं ग्रामीणों ने शिव की बारात में शामिल हुए साथ ही साथ नगर भ्रमण व शोभा यात्रा निकाली गई।

वहीं गौरा गौरी विसर्जन के दौरान रहवासियों द्वारा गौरा गौरी को विधि विधान पूजा अर्चना की गई इस कार्यक्रम में समस्त ग्रामवासियों व आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### दुल्लापुर में भाजपा मण्डल की बैठक संपन्न

**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष भाजपा अशोक साहू के मार्गदर्शन में रविवार को भाजपा मण्डल दुल्लापुर में मण्डल चुनाव प्रभारी सुरेश दुबे नें सरस्वती शिशु मंदिर परिषर दुल्लापुर में भाजपा कार्यकर्ता की बैठक ली। बैठक के मुख्य वक्ता सुरेश दुबे ने कार्यकर्ताओं से सदस्यता महाअभियान, सक्रिय, सदस्य एवं बूथ इकाई गठन को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में मण्डल अध्यक्ष सुखदेव ध्रुर्वे, महामंत्री शशांक तिवारी, अमित साहू, पूर्व जनपद सदस्य प्रज्ञेश तिवारी, भाजपा नेता शिवनंदन पाण्डेय, प्रवेश तिवारी, राजकुमार यादव, तिवारी प्रसाद, रोहित भास्कर, प्रताप दिवाकर, छुन्नी साहू, मनीराम चंद्राकर, स्वतंत्र तिवारी, अमृत साहू, फलितराम साहू, महेश यादव, शिवसहाय साहू, राजेंद्र साहू, धनेश दिलावर, विकास तिवारी, हीरालाल चेलसे, चैतराम पटेल, सुनील साहू, संजय तिवारी, शंकर ठाकुर, रूपेश तिवारी, परमेश्वर यादव, संजय साहू, लालजी साहू, सीताराम साहू सहित समस्त बूथ अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

हरिभूमि पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

# पेण्ड्रीकला में छात्र छात्राओं को देवउठनी एकादशी व्रत की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला में विद्यार्थियों को कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली देवउठनी एकादशी तिथि पर विशेष रूप से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यता है कि इस देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु चार महीने के योग निद्रा से जागते हैं, जिसे देवउठनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन से शुभ और मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं, इस शुभ तिथि पर भगवान विष्णु के रूप शालिग्राम व विष्णुप्रिया तुलसी का विवाह तथा विधि विधान से पूजा अर्चना किया जाता है साथ ही विशेष सामग्री का दान करते हैं। वहीं देवउठनी एकादशी के दिन गन्ने की पूजा अर्चना कर एकादशी व्रत करने वाले जातक को सभी तरह के पापों से छुटकारा मिलता है साथ ही शुभ फल प्राप्त होता हैं। यह शरीर के रोगों को मिटाता है, मन के दोषों को भी निवृत्त करता है, बुद्धि को ओजस्वी-तेजस्वी बनाता है। एकादशी के व्रत से अशुभ संस्कारों को भी नष्ट करते हैं, पुराणों के अनुसार जो व्यक्ति देवउठनी एकादशी व्रत करता है वह जीवन में कभी भी संकटों से नहीं घिरता और उनके जीवन में धन और समृद्धि बनी रहती है, देवउठनी एकादशी से भयंकर से भयंकर परेशानियों से छुटकारा पा सकते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, पं भानुप्रताप तिवारी, शिक्षक-बुद्धेश्वर राम प्रधान, भुनेश्वर सिंह चौहान, सुश्री जानकी चुरेन्द्र, भाईराम पटेल, प्रीतम कश्यप व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



# एसपी ने तीन उप पुलिस अधीक्षकों को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंटकर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में तैनात तीन पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों का स्थानांतरण हुआ जिसमें उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती मोनिका सिंह परिहार का स्थानांतरण जिला कबीरधाम से सहायक सेनानी 17वीं वाहिनी छस बल, एसडीओपी बोड़ला संजय तिवारी का स्थानांतरण सहायक सेनानी दूसरी वाहिनी छस बल सकरी बिलासपुर व उपपुलिस अधीक्षक ऑप्स सतीश धुर्वे का स्थानांतरण उपपुलिस अधीक्षक एसटीएफ बघेरा जिला दुर्ग हुआ है। उक्त अधिकारी गणों को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने मंगलवार को रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह के दिशा निर्देश पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, उपपुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चंद्राकर, रक्षित निरीक्षक महेश्वर सिंह एवं कार्यालयीन अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्थानांतरण पर जा रहे तीनों अधिकारी गणों को पुष्पगुच्छ भेंटकर, इनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों की सराहना किया गया। जिला कबीरधाम में विगत वर्षो से अनेकों कानून व्यवस्था ड्यूटी में बहुत ही शांतिपूर्वक ड्यूटी सम्पन्न कराने में इन तीनों अधिकारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

### साक्षर भारत प्रेरकों के महत्व को समझे सरकार से की मांग

**हरिभूमि बरबसपुर।** पूरे प्रदेश में 2011 से जिले में ग्रामीण क्षेत्र से एक महिला व एक पुरुष प्रेरक के रूप में लिखित परीक्षा के माध्यम से योग्यता के आधार पर चयन हुआ था, लगातार अपने-अपने गांव में असाक्षरों को साक्षर बनाने का काम प्रेरकों के माध्यम से किया गया साथ ही साथ ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व जिला पंचायत के अनेक कार्यों में भी इन प्रेरक को उपयोग किया गया। 8 वर्ष से लगातार काम किया गया, उसके बाद सभी प्रेरकों को बैठा दिया गया। 2018 में जिसमें आश्वासन दिया गया धरना प्रदर्शन भी किया गया प्रेरक को लिया जाएगा कहकर आश्वासन दी गई थी, लेकिन आज प्रेरक लोग को वापस नहीं लिया गया। जिस पर आज एक बार फिर से गांव-गांव में असाक्षर को साक्षर बनाने का काम किया जाने शासन-प्रशासन से मांग करते हैं कि जो प्रेरक कार्य किया गया है, उसको तत्काल बहाल किया जाए और साक्षरता में एक बार फिर से प्रेरकों को लिया जाए ताकि हर गांव बुनियादी शिक्षा का पाठशाला बन सके और साक्षर शिक्षित हो सके। जिस पर विजय कोशले ने बताया कि प्रेरक का तात्पर्य होता है कि गांव में के लोगों को जगाने के लिए जागृति व जन जागरूकता व प्रेरणा देने प्रेरित करने तथा लोगों को बताना सिखाना शिक्षा के क्षेत्र में सेहत के क्षेत्र में बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में और सेहत स्वच्छता राजनीति, सामाजिक, धार्मिक, साहित्य, खेल व मनोरंजन, आर्थिक, स्वच्छता अभियान और मतदाता जागरूकता और विभिन्न प्रकार के सामाजिक रूढ़ीवादी प्रथा व कुप्रथाओं के बारे में गांव में समाज में जन जागृति लाने के लिए लगातार प्रेरित करते रहे जिसे प्रेरक कहते हैं यही काम कबीरधाम की प्रेरक ने अहम भूमिका निभाई थी। जिसे आज सरकार ने घर बैठा दी गई है अब फिर से मांग कर रहे हैं की प्रेरकों को मान्यता दी जाएं ताकि हर गांव साक्षर शिक्षित व जनजागृति का संदेश गांव-गांव तक पहुंच सकें।

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

**गन्ना का मंडप सजाकर लोगों ने किया विधि विधान से तुलसी विवाह**

# शहर व अंचल में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी, रचाया गया तुलसी विवाह

- बच्चों ने इस दिन भी जमकर पटाखे फोड़े और खुशियां मनाई।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर सहित समूचे अंचल में मंगलवार को देवउठनी एकादशी, तुलसी विवाह का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के मौके पर लोगों ने बकायदा अपने घरों के आंगन व छत की साफ-सफाई व लिपाई पुताई कर गन्ना का मण्डप सजाया और धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ तुलसी का विवाह रचाया। पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

बच्चों ने इस दिन भी जमकर पटाखे फोड़े और खुशियां मनाई। परम्परा एवं मान्यता के अनुसार नाम के अनुसार देवउठनी एकादशी के रोज से देव उठ जाते हैं और इसी दिन से शुभ कार्यों की शुरुआत भी हो जाती है। देवउठनी एकादशी में मुख्य रूप से गन्ना का उपयोग मण्डप के लिए किए जाने के कारण गन्ना की जमकर बिक्री हुई। गन्ना विक्रेताओं ने भी इस मौके का जमकर फायदा उठाते हुए 50 रूपए जोड़ी तक गन्ने बेंचे। इसके अलावा पर्व में उपयोगी चना भाजी, आंवला, सिंघाड़ा, सीताफल, बीही सहित अन्य सामग्रियों की भी जमकर बिक्री हुई। पर्व को लेकर बाजार में सुबह से लेकर शाम तक गहमागहमी देखने को मिली।



राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

HCC IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट ▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) ▶ स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुहांसे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार, 13 नवंबर, 2024





# घर-आंगन में सजी रंगोली, तुलसी विवाह बाद जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

देवउठनी एकादशी पर्व को लेकर अंचल में श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहा। इस मौके पर घर-घर में रंगोली सजाकर तुलसी चौरा की साज-सजावट कर भगवान शालिग्राम से विवाह रचाया गया एवं मंगल कामना की गई। इसके साथ ही अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा।

कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी, जिसे जेठऊनी छोटी दिवाली भी कहते हैं। अंचल में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु एवं मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। ऐसी मान्यताएं है कि आषाढ़ शुक्ल एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए सो जाते हैं एवं इसी दिन जागते हैं। देवउठनी एकादशी के साथ ही अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शुरू हो जाएगा। देवउठनी एकादशी व्रत पर्व पर शहर सहित ग्रामीण इलाकों के लोगों में काफी उत्साह देखा गया। शाम होते ही घर के आंगन को रंग-बिरंगी रंगोली से सजाया गया। वहीं तुलसी चौरा में साज-सजावट की गई। तुलसी चौरा के चारो ओर गन्ने का मंडप बनाकर पूजा सामग्री रखी गई और विधि-विधान के साथ भगवान शालिग्राम के साथ विवाह रचाया गया। इस मौके पर सपरिवार पूजा-अर्चना कर लोगों ने घर परिवार में खुशहाली एवं मांगलिक आयोजन की कामनाएं की।



## पूजा-अर्चना की, फटाखे भी फूटे

इधर पूजा-अर्चना के दौरान बच्चों एवं बड़ों ने छोटी दिवाली के रूप में पर्व को मनाते फटाके भी फोड़े। शहर सहित ग्रामीण इलाकों में देर शाम तक फटाकों एवं आतिशबाजी का वातावरण निर्मित रहा। देवउठनी एकादशी पर्व के बाद अब मांगलिक आयोजनों का क्रम शहर सहित ग्रामीण इलाकों में शुरू हो जाएगा, जिसे लेकर जिनके यहां मांगलिक आयोजन होना है, उन्होंने तैयारियां भी शुरू कर दी है।

## पूजा सामग्रियों की सजी दुकान, गन्ने की सर्वाधिक मांग

पर्व के चलते शहर के बाजार में जयस्तंभ चौक से लकर शहर के विभिन्न स्थानों एवं चौक-चौराहों में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई थी, जहां से लोग दिनभर पूजा सामग्रियों की खरीदी करने जुटे रहे। लोगों के बीच गन्नों की मांग सर्वाधिक रही। अन्य जिलों से आकर भी व्यवसायियों ने गन्ने की दुकान सजाई थी। गन्ना 50 रुपए जोड़े से लेकर 100 रुपए जोड़ा तक में बिक्री हुई। इसके अलावा मौसमी फल की भी मांग लोगों के बीच रही। अस्थाई रूप से फटाकों की दुकानें भी सजी हुई थी, जहां से लोगों ने फटाकों की खरीदी की। दिनभर लोगों की व्यस्तता बनी रही।

## खबर संक्षेप

### समितियों का चुनाव 20 तक

**कुमरदा।** भाजपा मंडल की बैठक रविवार को संपन्न हुई। बैठक में सह चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि 10 से 20 नवंबर तक बूथ का चुनाव कराना है। जिसके लिए शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। इस मौके पर चुनाव प्रभारी कैलाश शर्मा ने बताया कि सदस्यता अभियान के प्रथम चरण के बाद द्वितीय चरण में बूथ अध्यक्ष तथा बूथ समितियों का चुनाव होगा। बैठक में कुमर्दा मंडल के संगठन चुनाव के संदर्भ में जानकारी दी गई। शक्ति केंद्रों के प्रभारी, सह प्रभारी का नाम चिन्हांकित किया गया। बूथ अध्यक्षों का चुनाव 20 नवंबर के पहले करने का निर्देश दिया गया।

### गौरव दिवस 15 को

**राजनांदगांव।** जिले में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवंबर को पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम गौरव पथ राजनांदगांव में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा तथा शाम 4 बजे मुख्य अतिथि विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शिरकत करेंगे।
कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, श्रीमती गीता घासी साहू, विक्रांत सिंह, श्रीमती प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी, सचिन बघेल, रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

## माय एंगल




### कल 14 नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीदी

# बोहनी के लिए 2309 किसानों को मिला टोकन, 1.16 लाख क्विंटल होगी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 14 नवंबर से शुरू होने जा रही सरकारी धान खरीदी को लेकर प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। ऑनलाइन माध्यम से धान खरीदी के लिए किसानों को टोकन जारी कर दिया गया है। बोहनी के लिए पहले दिन जिले के 2309 किसानों को टोकन जारी किया गया है। इनसे 1.16 लाख क्विंटल धान की खरीदी की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 3 नवंबर से ही सहकारी समिति के प्रबंधक एवं कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने के चलते इस बार धान खरीदी की विशेष तैयारियां नहीं हो सकी है। फड़ की सफाई से लेकर बारदाना की व्यवस्था जैसी प्रक्रिया अधर में अटकी हुई है। खरीदी शुरू होने के दो दिन पहले मंगलवार को हड़ताल खत्म हो गई है। हालांकि प्रशासन अपनी क्षमता अनुसार तैयारियों को पूरा करने में जुटा हुआ है। यही कारण है कि सोसायटियों में ताला लटका होने के बाद भी पहले दिन की बिक्री के लिए करीबन ढाई हजार किसानों को टोकन जारी कर दिया गया है।

**खास बातें**

- किसानों को मिलेगा प्रति क्विंटल 3100 का भुगतान
- आज सभी उपार्जन केंद्रो में होगी खरीदी की तैयारी
- प्रति एकड़ खरीदा जाएगा 21 क्विंटल



### 31 जनवरी तक चलेगी खरीदी

कल 14 नवंबर से शुरू होने वाली सरकारी धान खरीदी अगले 79 दिनों तक जारी रहेगी। धान खरीदी का समापन 31 जनवरी को होगा। किसानों को प्रति क्विंटल 3100 रुपए का ही भुगतान किया जाएगा। इस साल केंद्र सरकार ने भी समर्थन मूल्य में 117 रुपए की वृद्धि कर दी है।

### समिति प्रबंधकों की हड़ताल खत्म

पिछले चार नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे सहकारी समिति कर्मचारियों की तीन सूत्रीय मांगों के पूरा होने के बाद कल से वे काम पर वापस लौट रहे हैं। सहकारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ईश्वर श्रीवास ने बताया कि सीएम विष्णुदेव साय, मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल और अशोक बजाज की उपस्थिति में बुधवार को राजधानी में एक बैठक आहूत हुई। जिसमें खाद्य सचिव का लिखित आदेश मिलने के बाद आंदोलन को समाप्त कर दिया है। उन्होंने बताया कि सेवा नियम में वेतन वृद्धि, दूसरा मांग में प्रबंधकीय अनुदान के लिए अंतर विभाग की कमेटी का गठन किया गया। 28 फरवरी के बाद शेष धान में सूखत का प्रावधान का लिखित आदेश मिल गया है।

### किसानों की संख्या बढ़ी

जिले में सरकारी कीमत पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या इस बार भी बढ़ी है। मिली जानकारी के अनुसार जिले में इस बार कुल 132468 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। यह संख्या पिछले बार से करीबन 10 हजार अधिक है। किसानों से 7737560 क्विंटल धान राजनांदगांव जिले में खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। जिले में करीबन 1.95 लाख बारदाना की जरूरत धान खरीदी के लिए पड़ेगी। इनमें से लगभग 70 फीसदी बारदाना केंद्रों में पहुंचने की बात कही जा रही है।

# बीड़ी मांगने के विवाद पर चाकूबाजी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहारा आक्सीजोन में बीड़ी मांगने की बात पर यहां घूमने गए युवकों से आरोपियों ने मारपीट कर चाकूबाजी की। इस मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी शिवकुमार ढीमर 20 साल निवासी चौखड़ियापारा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 नवंबर को 3 बजे शिवकुमार ढीमर अपने दोस्तों प्रताप ढीमर, नरसिंग ढीमर, छोटू ढीमर, नरेंद्र यादव के साथ आक्सीजोन में घूमने गए थे। वे आक्सीजोन के एक किनारे पर सभी दोस्त शाम को साढे 5 बजे खड़े थे, तभी ऑक्सीजोन के अंदर से 8-10 लड़के अपने-अपने मोटर साइकिल से आए।

विक्की यादव ने नरसिंग ढीमर से बीड़ी-सिगरेट मांगने लगा तो नरसिंग ढीमर ने बोला कि मेरे पास बीड़ी - सिगरेट नहीं है, बोलने पर विक्की यादव व उनके 3-4 साथी के साथ मिलकर गाली-गुप्तार करते अपने पास रखे हुए चाकूनुमा औजार से नरसिंग ढीमर के बांये कमर पर चोंट पहुंचाया। उसे देखकर शिवकुमार ढीमर छुड़ाने गया तो आरोपियों ने चाकुनुमा औजार से शिवकुमार ढीमर के बांये पैर के जांघ तथा कमर के उपर और हाथ में चोंट पहुंचाया।

### पुलिस ने की कार्रवाई

इस मामले में थाना बसंतपुर प्रभारी सत्यनारायण देवांगन द्वारा तत्काल टीम गठित कर फरार आरोपियों की पता तलाश सरगर्मी से किया गया। पुलिस टीम ने शुभम सौदागर 19 वर्ष निवासी मोतीपुर, विक्की नेवारे 20 वर्ष निवासी गौरीनगर, रोहित देवांगन 20 वर्ष निवासी शंकरपुर, हिरेन्द्र यादव 22 वर्ष निवासी शंकरपुर, चेतन कश्यप 19 वर्ष निवासी रामनगर को त्वरित कार्रवाई करते पुलिस हिरासत में लेकर मेमोरंडम कथन एवं पूछताछ किया जाने पर अपना अपराध स्वीकार करते बीड़ी-सिगरेट नहीं देने की बात पर प्राणघातक हमला करना बताया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बाइक एवं चाकू जब्त किया गया है। आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेजा गया। एक नाबालिग आरोपी जो घटना में सम्मिलित था, को सादी वर्दी में अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपीगणों के साथ अपराध घटित करना स्वीकार किया, जिसे पारूप नियम धारा 8(1) 8(5) के तहत नाबालिग के विरूद्ध फार्म भरा गया।

# छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**राजनांदगांव।** मोपेड में सवार पीड़िता से बाइक सवार युवक ने छेड़छाड़ किया। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 15 अक्टूबर को प्रार्थिया शाम के समय अपने गांव से पड़ोस के गांव अपनी मोपेड में अकेली जा रही थी। इस दौरान बाइक चालक देवनाथ पारधी द्वारा पीड़िता को अकेली पाकर चलती गाड़ी में गलत नियत से हाथ पकड़ लिया। पीड़िता द्वारा हाथ छुड़ाने पर भी छेड़खानी करने लगा, जिस पर पीड़िता द्वारा पुलिस चौकी तुमडीबोड़ में लिखित आवेदन करने पर आरोपी के विरूद्ध धारा 74, 75(2), 78, 351(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

इस मामले में पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्रवाई करते आरोपी का पता तलाश कर आरोपी देवनाथ पारधी 23 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 11 नवंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### सभी कर्मचारियों को जारी होगा कारण बताओ नोटिस

# आकस्मिक अवकाश लेकर शिक्षा विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा कर्मी विदेश प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला शिक्षा विभाग के करीब आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारियों के एक साथ आकस्मिक अवकाश लेकर विदेश प्रवास पर जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। मामले की शिकायतें सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल ने इन कर्मचारियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है।




मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग के आधा दर्जन से ज्यादा कर्मचारी पिछले तीन दिनों से आकस्मिक अवकाश लेकर विदेश की यात्रा कर रहे हैं। एक साथ थोक में कर्मचारियों के आकस्मिक अवकाश लेने से शिक्षा विभाग का कामकाज प्रभावित हो गया है। इस बीच अवकाश लेने वाले कर्मचारियों ने जब सोशल मीडिया में नेपाल की फोटो अपलोड की तो यहां बवाल मच गया है। बताया जाता है कि कुछ संगठनों ने इस आशय की शिकायत डीईओ से की है। जानकार सूत्रों की माने तो इन कर्मचारियों को किसी भी दूसरे देश जाने के लिए शिक्षा विभाग के नियोक्ता अधिकारी से विधिवत अनुमति लेना था, लेकिन कर्मचारियों ने बिना किसी अनुमति के ही नेपाल के सैर के लिए निकल गए हैं। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डीईओ प्रवास बघेल ने कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। डीईओ श्री बघेल का कहना है कि कर्मचारियों द्वारा अनुशासनहीनता की गई है और उन्हें नोटिस जारी किया जा रहा है।

### आकस्मिक अवकाश क्या है

अचानक कोई परिस्थिति उत्पन्न होने पर शासकीय कर्मचारी आधे दिन या दो चार दिन के लिए आकस्मिक अवकाश ले सकता है, लेकिन इस दौरान उसे अपने मुख्यालय में ही रखना अनिवार्य है, यदि मुख्यालय छोड़ना पड़ रहा है तो इसकी लिखित अनुमति कार्यालय प्रमुख से लेना अनिवार्य है।

# वाहन की ठोकर से साइकिल सवार की मौत, ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खैरागढ़ रोड में ग्राम बोरी के पास बीती रात साइकिल सवार अधेड़ को चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। वहीं इस घटना में अन्य साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दुर्घटना की खबर के बाद ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर मुआवजा व स्पीड ब्रेकर इत्यादी की मांग करते चक्काजाम कर दिया था। मौके पर अधिकारियों की समझाईश के बाद मामला शांत हुआ।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बोरी के पास बीती रात लगभग साढे आठ बजे दो अलग-अलग साइकिल सवारों को एक चार पहिया वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे ग्राम बोरी निवासी वेदराम देवांगन की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरा साइकिल सवार घायल हो गया। इस दुर्घटना की खबर जैसे ही ग्रामीणों को मिली, ग्रामीण सड़क पर उतरकर अपना आक्रोश व्यक्त करने लगे। जिससे खैरागढ़ रोड़ में चक्काजाम की स्थिति निर्मित हो गई।

### ग्राम बोरी के पास बीती रात की घटना



### वाहनों की लगी कतार

बताया गया कि ग्रामीणों द्वारा मौके पर मांग की जा रही थी कि मृतक के परिवार को उचित मुआवजा मिले एवं उक्त मार्ग पर स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाईट लगाया जाए। चक्काजाम की सूचना पर पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाईश दी, तब कहीं चक्काजाम सामान्य हो पाया। लगभग आधा घंटा चक्काजाम के दौरान खैरागढ़ रोड में दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थी। इधर उक्त मार्ग पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से आम लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

### कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लगेगा मोहारा मेला

# मोहारा स्थित शिवनाथ नदी तट में मेले की तैयारी शुरू, झूले सजे, लग गई दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर शहर के शिवनाथ नदी तट मोहारा में लगने वाले ऐतिहासिक मेले को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। दूर-दराज से यहां पहुंचकर व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजानी प्रारंभ कर दी है। मेले को लेकर शहर सहित ग्रामीणजनों में उत्साह का माहौल है।

उल्लेखनीय है कि कार्तिक पूर्णिमा पर्व के अवसर पर शिवनाथ नदी तट पर भव्य रूप से मेले का आयोजन किया जाता है, जहां छोटी-बड़ी दुकानों से लेकर छोटे-बड़े झूले लगाए जाते हैं, जहां बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनी रहती है। 15 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा का पर्व है। इससे पूर्व ही शिवनाथ नदी तट मोहारा मेला परिसर में कई किस्म के छोटे-बड़े दुकानें सजनी शुरू हो चुकी है।

व्यवसायियों ने बताया कि वे प्रतिवर्ष यहां झूले लगाते आ रहे हैं। मेला स्थल में पारंपरिक झूला रेहचुली से लेकर आधुनिक झूलों को लगाए जाने हेतु व्यवसायी जुटे हुए हैं।

### स्नान करने आएंगे लोग

कार्तिक पूर्णिमा पर्व के तहत बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों से लोग कार्तिक स्नान करने के लिए भी मोहारा शिवनाथ नदी तट पहुंचते हैं। कई सपरिवार यहां पहुंचकर स्नान कर दान-पुण्य के साथ ही मेले का आनंद उठाने जुटे रहते हैं। मोहारा मेला को लेकर लोगों में उत्सुकता का माहौल है। मेला में इस वर्ष बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति होने की संभावना है। हालांकि इन दिनों मेला स्थल पर मेले की तैयारियां जारी है।

### तीन दिन का मेला

आगामी दिनों में अन्य व्यवसायियों द्वारा भी अपनी-अपनी दुकानें सजाने की तैयारियां शुरू कर दिए जाने की संभावना है। जिले में मोहारा मेला को लेकर सभी वर्ग के लोगों को इंतजार बना रहता है। तीन दिवसीय चलने वाले इस मेले में जिले से लेकर अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति बनती है। तीन दिनों तक मोहारा मेला तट में चहल-पहल का वातावरण निर्मित रहता है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHCPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुनर्निर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

समदा
सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
उपलब्ध सुविधाए
डॉ. दीपिका जैन
बी. डी. एस. एम. डी. एस.
(आर्थोडॉंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
- सिंगल सिटिंग रूट कैनाल ट्रीटमेंट
- टेढ़े-मेढ़े. एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल / सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
- ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
- लेजर / दांत के रंग की फिलिंग
- दांत निकालना
- मुंह कम खुलने का उपचार
- इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
- मुंह के छाले का उपचार
मिलने का समय - प्रातः 10 बजे से शाम 7 बजे तक
पता :-बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड, राजनांदगांव (छ.ग.)
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें :- 7744356654

## तैयारी: धान खरीदी की तैयारी जोरों पर, 14 नवंबर से होगी धान खरीदी की शुरूआत

# जिले के 108 धान खरीदी केन्द्रों में धान बेंचेंगे 1 लाख 24 हजार 787 किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरूआत 14 नवम्बर से होने वाली है। जिले के 90 समितियों के माध्यम से 108 धान खरीदी केन्द्रों में इसकी तैयारी अंतिम चरणों पर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में इस वर्ष कबीरधाम जिले में 07 हजार 280 नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इस प्रकार कबीरधाम जिले के 01 लाख 24 हजार 787 किसानों ने 01 लाख 24 हजार 411 हेक्टेयर रकबा में अपना धान का समर्थन मूल्य में विक्रय करने के लिए पंजीयन कराया है। मोदी की गारंटी में प्रदेश सरकार द्वारा 3100 प्रति क्विंटल की मान से एक एकड़ में 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में इसकी तैयारी जोरो पर है। जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में व्यवस्था सुनिश्चित करने और धान खरीदी सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने धान खरीदी की तैयारियों के लिए 35 बिन्दुओं पर दिशा-निर्देश जारी किए है। जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए चेकपोस्ट बनाएं गए है। जहां आने जाने वाले सभी वाहनों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। कबीरधाम जिले के 108 धान खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। केंद्रों पर छाया, पेयजल, शौचालय और बैठने की उचित व्यवस्था की गई है, ताकि किसानों को धान बेचते समय किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन ने इस बात का भी ध्यान रखा है कि किसानों को लंबी कतारों में इंतजार न करना पड़े, जिसके लिए केंद्रों पर व्यवस्थापक और अन्य कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा धान को सुरक्षित रखने और नमी की जांच के लिए इलेक्ट्रॉनिक मापदंडों का भी उपयोग किया जा रहा है।

### 3100 रुपए प्रति क्विंटल पर किसानों को एकमुश्त भुगतान



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मोदी की गारंटी को साकार करते हुए प्रदेश के किसानों के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। उन्होंने वादा को पूरा करते हुए किसानों को उनकी धान की फसल का 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से एकमुश्त भुगतान किया जा रहा है। इस घोषणा से कबीरधाम सहित पूरे प्रदेश के किसानों में उत्साह का माहौल है। जिले के किसानों ने कहा कि एक मुश्त खाते में पैसा आएगा तो हमारी जरूरतें पूरी होंगी और हम आने वाले सीजन की तैयारी भी बेहतर कर पाएंगे।

### कलेक्टर ने धान उर्पाजन केन्द्रों में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने समिति प्रबंधकों को धान उपार्जन केन्द्रों में मूलभूत आवश्यक तैयारियों रखने के निर्देश दिए है। इन निर्देशों में उपार्जन केन्द्रों के लिए स्थल एव साफ-सफाई, फेसिंग, बिजली की व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट्स चालू हालत में हो, प्रिंटर की व्यवस्था, जनरेटर की व्यवस्था, इंटरनेट, आद्रतामापी यंत्रों की व्यवस्था, तौल के लिए कांटा-बांट की व्यवस्था, बारदानों की व्यवस्था, पुराने बारदाने की व्यवस्था, पीडीएस बारदाने की उपलब्धता, रंग एवं सुतली की व्यवस्था होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त डाटा इंन्ट्री आपरेटर, उर्पाजन केन्द्रों में पर्याप्त कर्मचारियों एवं हमालों की व्यवस्था, खरीदी केन्द्रों में बफर लिमिट की मात्रा, उपलब्ध चबुतरा, तारपोलिन की व्यवस्था, डनेज, किसान पंजीयन की स्थिति, प्राथमिक उपचार पेटी, समर्थन मूल्य के प्रदर्शन, और अच्छी किस्म का सैम्पल धान प्रदर्शित करना, निगरानी समिति, धान सुरक्षा एवं भण्डारण व्यय के लिए प्राप्त अग्रिम राशि आदि शामिल है।

### अवैध धान परिवहन पर सख्ती

जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए विशेष चेकपोस्ट भी बनाएं गए है। इन चेकपोस्टों पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, ताकि बाहरी क्षेत्रों से अवैध धान जिले में न लाया जा सके। जिले के पड़ोसी राज्यों एवं पड़ोसी जिलों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों को रोकने के लिए अलग-अलग चेक पोस्ट तैयार किए गए है और अन्य मार्गों पर भी कड़ी निगरानी के लिए आवश्यक व्यवस्था बनाई गई है। इसके अलावा कलेक्टर ने धान खरीदी की प्रक्रियाओं को लेकर 35 बिंदुओं पर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इन दिशा-निर्देशों में केंद्रों पर किसानों की सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था और पर्याप्त उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रावधान शामिल।

# समिति प्रबंधकों की हड़ताल समाप्त



■ राहत: मांगों पर शासन व संघ के बीच बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गत चार नवम्बर से अपने विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे समिति प्रबंधकों ने शासन के साथ मंगलवार को हुई सकारात्मक चर्चा के बाद अपनी बेमुद्दत हड़ताल वापस ले ली है। शासन द्वारा 14 नवम्बर से प्रारंभ की जा रही समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के पूर्व 4 नवम्बर से प्रारंभ की गई इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के समाप्त होने पर जहां शासन-प्रशासन ने राहत की सांस ली है वहीं किसानो की भी चिंता समाप्त हुई है। गौरतलब है कि समिति प्रबंधक मुख्य रूप से मध्य प्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाओं का लाभ देने हेतु प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रुपए प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित किए जाने, सेवानियम 2018 में आंशिक संशोधन करते हुए पुनर्रिक्षित वेतन लागू की जाने तथा समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुख्त मान्य करते हुए आगामी वर्षों के लिए धान खरीदी नीति में वर्णित 16.9 में सुख्त मान्य का प्रावधान करते हुए धान खरीदी अनुबंध में परिवर्तन करते हुए प्रासमित व सुरक्षा व्यय एवं कमीशन, खाद, बीज, उपभोक्ता फसल बीमा, आदि को 2 गुना बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर 500 किलो क्षति पूर्ति 5000 रुपए दिए जाने की मांग को लेकर गत चार नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर थे। बताया जाता है कि हड़ताल के आठ दिन बाद संघ के प्रतिनिधि मण्डल एवं शासन के बीच वार्ता की गई। जिसमें कुछ मांगों पर सहमति बनने के बाद संघ ने अपनी हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया है।

# पीजी कॉलेज में 50 लाख की गड़बड़ी का आरोप, जांच व कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा शहर के पीजी कॉलेज में 50 लाख रुपए की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले को लेकर आज सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग किया। इसके अलावा 11 सूत्रीय मांग भी शामिल है। एबीवीपी कार्यकर्ता दोपहर 12 से एक बजे तक पीजी कॉलेज प्राचार्य के कार्यालय के बाहर बैठे रहे। एबीवीपी नेता तुषार कुमार ने बताया कि हाल में ही कॉलेज के जनभागीदारी शुल्क की राशि 50 लाख से अधिक का गबन का मामला सामने आया है। इससे कॉलेज को नुकसान हुआ है। जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें बर्खास्त किया जाए। इसके अलावा एबीवीपी ने जिले में विधि, बीएड व विज्ञान कॉलेज की स्थापना करने, नालंदा परिसर के तर्ज पर विश्व स्तरीय लाईब्रेरी की स्थापना करने, पीजी कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी के लिए छात्रावास की व्यवस्था करने, भवन पर्याप्त नहीं है। ऐसे में कॉलेज में पूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ संचालित किया जाएं। प्राध्यापक की कमी दुर किया जाए।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान आज

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

ऑगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं द्वारा किए जा रहे कार्यो को जनमानस के ध्यान मे लाकर ऑगनबाड़ी सेवाओ के प्रति सकारात्मक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से वीर सावरकर भवन कवर्धा में 14 नवम्बर को सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

उक्त कार्यकम में जनप्रतिनिधियों के हाथों उत्कृष्ट कार्य करने वाले ऑगनबाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग आनंद तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम वीर सावरकर भवन कवर्धा मे 12 बजे से किया जाएगा।

# अज्ञात चोरों ने खेतों में लगे मोटर पंप पर किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭बिजई

जिले में एक बार फिर अज्ञात चोरों का आतंक देखने को मिल रहा है। स्थिति ये है कि कभी अज्ञात नकाबपोश चोर जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित बैंक में दबिस दे रहे हैं तो कभी पुलिस कैम्प में हांथ साफ कर रहे हैं। तो कहीं यहां वहां खड़े वाहनो की उठाईगिरी कर रहे हैं। अज्ञात चोरों से लोगों के घर, दुकान भी सुरक्षित नहीं है। हद तो ये हो गई है कि अब चोरों ने किसानो के खेतों और ट्युब बेलों को भी निशाने में ले लिया है। इसी कड़ी में अज्ञात चोरों ने विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम बिजई के खेत में हांथ साफ कर दिया। जानकारी के मुताबिक रविवार-सोमवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने ग्राम बिजई निवासी उत्तरदास मोहले पिता दयाल दास मोहले एवं राजाराम कुर्रे पिता धरमदास के खेत में लगे मोटर पंप तथा केबल को पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित किसानो ने सोमवार की सुबह उस समय हुई जब वे अपने खेत पहुंचे। किसानो ने बताया कि में लगा मोटर पंप गायब था तथा केबल वायर भी गायब था। घटना के बाद किसानो ने घटना की रपट क्षेत्रीय थाना में दर्ज करा दी है। पुलिस ने भी अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है लेकिन अभी तक अज्ञात चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# घर में घुसकर परिजनों से मारपीट रिपोर्ट के बाद भी कार्रवाई नहीं

■ पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में 6 नवंबर की रात को एक परिवार के ऊपर चार लोगों ने बर्बर पूर्वक हमला कर दिया।

इस हमले में महिलाएं और बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। इसके बाद पीड़ित परिवार ने थाना पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई गई। मामला पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम जंगलपुर का बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पीड़ित राजू चंद्रवंशी पर कथित तौर पर उसके पुराने प्रेम प्रसंग के कारण लड़की के पति, पिता, और भाई ने हमला किया। इस हमले में राजू चंद्रवंशी का हाथ फ्रैक्चर हो गया और उनके परिवार के अन्य सदस्यों को भी गंभीर चोटें आईं हैं।

घटना के तुरंत बाद पीड़ित परिवार ने पांडातराई थाने में पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

पुलिस की निष्क्रियता से आहत ग्रामीण और पीड़ित परिवार के सदस्यों ने न्याय की मांग को लेकर बड़ी संख्या में कवर्धा एसपी कार्यालय पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी और जल्द से जल्द उचित कानूनी कार्यवाही की मांग की है।







